पंजाब केसरी
22-11-2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया एन.सी.सी.-डे



कैडेट्स को जानकारी देते ए.एन.ओ. कैप्टन एस.एस. नैन। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 21 नवम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में बड़े उत्साह और सम्मान के साथ एन.सी.सी.-डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट्स को एन.सी.सी. पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाकर हुई, जिसमें एन.सी.सी. के इतिहास, उद्देश्यों और राष्ट्रीय रक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात् ए.एन.ओ. कैप्टन एस.एस. नैन ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी. केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रस के दौरान कैडेट्स द्वारा सामूहिक रूप से एन.सी.सी. सॉन्ग प्रस्तुत किया गया, जिसने समारोह में उत्साह का संचार किया। एन.सी.सी.-डे समारोह ने कैडेट्स में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया तथा उन्हें राष्ट्र सेवा की भावना के प्रति और अधिक प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित किया